Title : Regarding cheating of small investors by Sanchayani Investment and Leasing Co., Calcutta.

श्री प्रकाश वी.पाटील (सांगली) : महोदय, संचयनी इन्वैस्टमेंट एंड लीज़िंग कम्पनी, कलकत्ता ने भारत के 200 डिस्ट्रिक्ट्स में मनी कलैक्शन का कार्यक्रम चलाया है और इस काम के लिए हर डिस्ट्रिक्ट में 1200 लोगों को एजेंट के रूप में एपांइट किया है, जिन्होंने 350 करोड़ रुपए क्लैक्ट कर लिए हैं। यह कम्पनी सांगली, कोहलापुर और रत्नागिरी जिलों में मैच्योर्ड हुए 6 करोड़ रुपए वापिस नहीं दे रही है। इस प्रकार इन्वैस्टर्स के साथ बहुत बड़ा धोखा हो रहा है। वे कह रहे हैं कि रिजर्व बैंक ने रिस्ट्रिक्शन लगा रहा है। मैं सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि लोगों को साथ जो इतना बड़ा धोखा हो रहा है, इसकी जांच कराई जाए और वित्त मंत्रालय को भी इस बारे में कदम उठाना चाहिए और रिजर्व बैंक की रिस्ट्रिक्शन्स बारे में भी बताना चाहिए।

श्री नरेश पुगलिया (चन्द्रपुर) : महोदय, इस विाय से मैं भी एसोसिएट करता हूं।